## कार्यपत्र-8

**1. सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) संज्ञा के कितने भेद होते हैं? (i) तीन ✓

(ख) किसी पदार्थ या द्रव्य का बोध कराने वाले शब्द क्या कहलाते हैं? (iii) द्रव्यवाचक ✓

(ग) इनमें से जातिवाचक संज्ञा शब्द कौन-सा है? (ii) गाय ✓

(घ) 'सेना' शब्द किस संज्ञा का उदाहरण है? (iii) समुदायवाचक ✓

(ङ) जातिवाचक संज्ञा के कितने उपभेद हैं? (ii) दो ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, प्राणी और भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं। संज्ञा के तीन भेद हैं–

1. व्यक्तिवाचक 2. जातिवाचक 3. भाववाचक

(ख) जातिवाचक संज्ञा के दो उपभेद हैं–

1. समुदायवाचक संज्ञा– किसी समुदाय या समूह का बोध कराने वाले शब्द समुदायवाचक संज्ञा कहलाते हैं; जैसे– सेना, झुंड, कक्षा आदि।
2. द्रव्यवाचक संज्ञा– किसी पदार्थ या द्रव्य का बोध कराने वाले शब्द द्रव्यवाचक संज्ञा कहलाते हैं; जैसे– लोहा, सोना, तेल आदि।

(ग) भाववाचक संज्ञा शब्दों की रचना पाँच प्रकार से की जाती है–

1. जातिवाचक संज्ञा से 2. क्रिया शब्दों से 3. अव्यय या अविकारी शब्दों से

4. सर्वनाम से 5. विशेषण शब्दों से।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा का भेद लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) अंकित <u>बाज़ार</u> जा रहा है। | जातिवाचक संज्ञा |
| (ख) प्रकृति की <u>सुंदरता</u> अद्‌भुत है। | भाववाचक संज्ञा |
| (ग) माली अपने <u>गाँव</u> गया है। | जातिवाचक संज्ञा |
| (घ) हम कल <u>बिहार</u> जा रहे हैं। | व्यक्तिवाचक संज्ञा |
| (ङ) हमें कभी <u>अहंकार</u> नहीं करना चाहिए। | भाववाचक संज्ञा |

**4. निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | व्यक्ति | व्यक्तित्व | (ख) | बच्चा | बचपन |
| (ग) | देखना | दिखावट | (घ) | निकट | निकटता |
| (ङ) | मूर्ख | मूर्खता | (च) | ऊँचा | ऊँचाई |

**5. निम्नलिखित संज्ञा भेदों के दो-दो शब्द लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| व्यक्तिवाचक संज्ञा | महात्मा गांधी | गंगा |
| जातिवाचक संज्ञा | गाँव | फूल |
| भाववाचक संज्ञा | मनुष्यता | सजावट |